भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 417 का उत्तर

शोरनूर मंगलौर लाइन पर मालापुरम जिले में ठहराव न होना

417. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को शोरनूर मंगलौर लाइन पर मालापुरम जिले में 11 जोड़ी रेलगाड़ियों के ठहराव न होने के कारण यात्रियों को हो रही कठिनाइयों की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस स्थिति से बड़ी संख्या में उस क्षेत्र के स्टेशनों पर निर्भर रहने वाले रेल यात्रियों को काफी असुविधा होती है; और

(घ) यदि हां, तो जिले के रेल यात्रियों की शिकायतों को दूर करने के लिए सरकार की क्या योजना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): चूंकि रेल नेटवर्क राज्य/जिला सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार, सीमाओं के आर-पार गाडियों का परिचालन किया जाता है और ठहराव दिया जाता है। बहरहाल, मलप्पुरम जिले में स्थित कुटिट्पुरम, तिरूणवाया, तिरूर, तानूर, परप्पनंगाडी और वल्लीकुन्नु स्टेशनों जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों को क्रमश: 41 रेलगाड़ियों, 12 रेलगाड़ियों, 87 रेलगाड़ियों, 26 रेलगाड़ियों, 39 गाड़ियों और 17 गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ियों को ठहराव देना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि पर निर्भर करता है।

*****